22/06/2024

आकाशवाणी ईटानगर

एक बड़ी सफलता में, ईस्ट सियांग के पुलिस अधीक्षक डॉ. सचिन कुमार सिंघल ने बताया कि पासीघाट बाजार क्षेत्र में योजनाबद्ध डकैती में शामिल पांच लोगों को ईस्ट सियांग पुलिस ने गिरफ्तार किया है। असम स्थित एक समूह के बारे में एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए, जिसमें आत्मसमर्पण करने वाले नेशनल डेमोक्रेटिक फ्रंट ऑफ बोडोलैंड (NDFB) के कैडरों को शामिल किया गया था, पुलिस ने रात भर अभियान चलाया, जिसके परिणामस्वरूप NDFB के तीन कैडरों को गिरफ्तार किया गया। जिनकी पहचान विलियम बसुमतारी, बसंत बसुमातारी और रश्मि बसुमातारी की गयी है। जांच के दौरान असम पुलिस की मदद से गुवाहाटी में परेश डेका और मृगेन राभा को पकड़ लिया गया है उनसे छह मोबाइल फोन और एक कार बरामद की गई।

0000000000000000000

एपीडा ईस्ट सियांग जिले ने शुक्रवार को भारत सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) के निर्देशानुसार बायोगैस प्रौद्योगिकी एवं वर्मीकम्पोस्ट पर एक दिवसीय उपयोगकर्ता एवं जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर बोलते हुए एपीडा के परियोजना अधिकारी इंजीनियर कापे बादक ने बायोगैस संयंत्र संचालन एवं रखरखाव के लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाने में प्रशिक्षण के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने बायोगैस को एक नवीकरणीय, स्वच्छ ऊर्जा स्रोत के रूप में रेखांकित किया जो ग्रीनहाउस गैसों को कम करने में मदद करता है। साथ हीं प्रतिभागियों से पूरे ईस्ट सियांग जिले में जागरूकता फैलाने का आग्रह भी किया।

वित्तीय वर्ष 2023-24 में इस योजना से लाभान्वित होने के लिए कुल अट्ठानवें लाभार्थियों का चयन किया गया है।

0000000000000000000000

नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस के उपलक्ष्य में सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रम के हिस्से के रूप में, कैपिटल पुलिस ने आज चिम्पू बटालियन ग्राउंड में एक महत्वपूर्ण आउटडोर सत्र का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान, प्रतिभागियों को अपने अनुभव साझा करने का अवसर भी मिला। इस कार्यक्रम में 100 मीटर स्प्रिंट, टग ऑफ़ वार, जैसी विभिन्न गतिविधियाँ भी शामिल थीं, जिसके बाद एक सामुदायिक भोज का भी आयोजन हुआ जिसमें कुल सैतीस प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कैपिटल पुलिस की यह पहल पीड़ित-केंद्रित दृष्टिकोण की ओर बदलाव को रेखांकित करती है, जिसका उद्देश्य नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ लड़ाई में पारंपरिक प्रवर्तन उपायों से परे सामुदायिक तालमेल और समर्थन को बढ़ावा देना है।

00000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश एनरजी डेवेलपमेंट एजेंसी (APEDA) द्वारा नामसाई जिला प्रशासन और तकनीकी विशेषज्ञ iVENCO-कोलकाता के सहयोग से आज "ई-मोबिलिटी" पर एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में इलेक्ट्रिक वाहनों की प्रदर्शनी लगाई गई जिसका उद्घाटन नामसाई जिला उपायुक्त और APEDA के जिला अध्यक्ष सी आर खम्पा ने किया।

इस अवसर पर बोलते हुए, श्री खम्पा ने पर्यावरण संरक्षण और वायु प्रदूषण को कम करने की दिशा में इसे एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए जीवाश्म ईंधन से इलेक्ट्रिक वाहनों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने स्थायी ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देने और कार्यशाला के आयोजन में APEDA के प्रयासों की सराहना भी की।

0000000000000000000

उप-जिला स्तरीय निगरानी समिति (SLDMC) ने गत शुक्रवार को तवांग जिले के जांग में एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई, जिसमें केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के तहत चल रही परियोजनाओं की स्थिति और वर्ष की पहली तिमाही के लिए सतत विकास लक्ष्यों (SDG) की संतृप्ति का आकलन किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए, अतिरिक्त जिला उपयुक्त सह अध्यक्ष, SLDMC जांग, हक्रासो क्री ने कार्यान्वयन एजेंसियों के बीच पारदर्शिता, जवाबदेही और परियोजना के दोहराव से बचने के महत्व पर जोर दिया और सात ही निष्पादन के दौरान मालप्रेक्टिसेस के लिए जीरो टोलेरेंस पर जोर दिया। इस बीच, तवांग के जिला अध्यक्ष लेकी गोम्बू ने गुणवत्ता से समझौता किए बिना क्षेत्र के सतत विकास को सुनिश्चित करने के लिए समय पर परियोजना पूरी करने के महत्व पर जोर दिया।

0000000000000000000

लोअर दिबांग वैली जिले के लिए 2024-2025 की पहली तिमाही जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक गत इक्कीस जून को दाम्बुक विधायक पुन्यो आपुम की अध्यक्षता में अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ हुई। बैठक में जिले में विभिन्न विभागों द्वारा की गई विभिन्न योजनाओं परियोजनाओं और अन्य गतिविधियों की समीक्षा की गई।

इस अवसर पर बोलते हुए श्री आपुम ने, सभी से सार्वजनिक हित को प्राथमिकता देने और उच्च गुणवत्ता वाली परियोजना निष्पादन सुनिश्चित करने का आग्रह किया और सात ही अपने काम में देरी, लागत में वृद्धि और अन्य बाधाओं से बचने पर भी जोर दिया। इस बीच, लोअर दिबांग वैली उपायुक्त सौम्या सौरभ ने आय सृजन के लिए जिले की संपत्ति का उपयोग करने के महत्व पर प्रकाश डाला।

0000000000000000000

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (NTA) द्वारा परीक्षाओं के पारदर्शी, सुचारू और निष्पक्ष संचालन को सुनिश्चित करने के लिए विशेषज्ञों की एक उच्च-स्तरीय समिति का गठन किया है। पूर्व ISRO अध्यक्ष डॉ. के. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में, सात-सदस्यीय समिति को दक्षता बढ़ाने, उल्लंघनों को रोकने, डेटा सुरक्षा में सुधार करने और NTA की संरचना और कार्यप्रणाली की समीक्षा करने के लिए सुधारों की सिफारिश करने का काम सौंपा गया है। समिति मौजूदा प्रक्रियाओं का मूल्यांकन करेगी, सुधार सुझाएगी, NTA के भीतर भूमिकाएँ परिभाषित करेगी और शिकायत निवारण तंत्र का आकलन और उसे बढ़ाएगी। समिति, जिसमें एम्स दिल्ली के पूर्व निदेशक डॉ. रणदीप गुलेरिया और अन्य प्रमुख शिक्षाविदों जैसे उल्लेखनीय सदस्य शामिल हैं, का लक्ष्य राष्ट्रीय परीक्षाओं में पारदर्शिता और दक्षता पर जोर देते हुए दो महीने के भीतर अपनी सिफारिशें प्रस्तुत करना है।

00000000000000000000

राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ने एक सार्वजनिक नोटिस में बताया है कि इस महीने की पच्चीस से सत्ताईस तारीख के बीच होने वाली संयुक्त सीएसआईआर-यूजीसी-नेट परीक्षा अपरिहार्य परिस्थितियों और लॉजिस्टिक मुद्दों के कारण स्थगित कर दी गई है। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ने कहा कि, इस परीक्षा के आयोजन के लिए संशोधित कार्यक्रम की घोषणा बाद में आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से की जाएगी।

0000000000000000000